प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

25 जून 2024

# भारत की अंतरराष्ट्रीय निवेश स्थिति (आईआईपी), मार्च 2024

आज, भारतीय रिज़र्व बैंक ने मार्च 2024 के अंत के लिए भारत की अंतर्राष्ट्रीय निवेश स्थिति से संबंधित आंकड़े जारी किए[1]।

## मुख्य बातें

### जनवरी-मार्च 2024 के दौरान आईआईपी:

- भारत पर अनिवासियों के निवल दावे 2023-24 की चौथी तिमाही के दौरान 6.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर घटकर मार्च 2024 के अंत तक 361.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गए।
- भारतीय निवासियों की विदेशी वित्तीय आस्तियों में, भारत में विदेशी स्वामित्व वाली आस्तियों (31.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर) की तुलना में उच्चतर वृद्धि (38.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर) दर्ज की गई, जिसके कारण तिमाही के दौरान अनिवासियों के निवल दावों में गिरावट आई (तालिका 1)।
- भारत की विदेशी देयताओं में वृद्धि का कारण उच्चतर आवक प्रत्यक्ष निवेश, पोर्टफोलियो निवेश, ऋण के साथ-साथ निवासी संस्थाओं द्वारा ली गई मुद्रा और जमाराशि थी, जबकि व्यापार ऋण में मामूली गिरावट दर्ज की गई।
- जनवरी-मार्च 2024 के दौरान भारतीय निवासियों की विदेशी वित्तीय आस्तियों में वृद्धि का प्रमुख घटक आरक्षित आस्तियों में वृद्धि (23.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर) थी, इसके बाद मुद्रा और जमाराशियों तथा विदेशी प्रत्यक्ष निवेश का स्थान था।
- बकाया आधार पर, मार्च 2024 में भारत की अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय आस्तियों में आरक्षित आस्तियों का हिस्सा 62.9 प्रतिशत था (तालिका 3)।
- भारत की अंतर्राष्ट्रीय देयताओं से अंतर्राष्ट्रीय आस्तियों का अनुपात एक तिमाही पहले के 72.9 प्रतिशत से बढ़कर मार्च 2024 में 74.0 प्रतिशत हो गया।
- कुल बाह्य देयताओं में ऋण देयताओं की हिस्सेदारी तिमाही के दौरान मामूली रूप से बढ़ी और मार्च 2024 में 51.1 प्रतिशत हो गई (तालिका 4)।

### अप्रैल – मार्च 2023-24 के दौरान आईआईपी:

- 2023-24 के दौरान, भारत की बाह्य वित्तीय देयताओं में वृद्धि (104.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर) की तुलना में बाह्य वित्तीय आस्तियों में उच्चतर वृद्धि (109.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर)

[1] भारत की तिमाही आईआईपी एक तिमाही के अंतराल पर प्रसारित की जाती है और दिसंबर 2023 के अंत के लिए पिछली तिमाही की आईआईपी 28 मार्च 2024 को भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट पर जारी की गई थी।

के कारण अनिवासियों के निवल दावों में 5.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर की गिरावट आई (तालिका 1)।

- निवासियों की कुल विदेशी वित्तीय आस्तियों में वृद्धि में आरक्षित आस्तियों का योगदान 62 प्रतिशत था: मुद्रा और जमाराशियाँ, तथा विदेशी प्रत्यक्ष निवेश अन्य प्रमुख घटक थे।
- वर्ष के दौरान विदेशी देयताओं में वृद्धि में आवक पोर्टफोलियो और प्रत्यक्ष निवेश के साथ-साथ ऋणों का योगदान तीन-चौथाई से अधिक रहा।
- अन्य मुद्राओं की तुलना में रुपए की विनिमय दर में परिवर्तन ने, अमेरिकी डॉलर के संदर्भ में मूल्यांकन करने पर, देयताओं में परिवर्तन को प्रभावित किया।
- भारत की अंतरराष्ट्रीय वित्तीय देयताओं से अंतरराष्ट्रीय वित्तीय आस्तियों का अनुपात मार्च 2024 में एक वर्ष पहले के 71.4 प्रतिशत से बढ़कर 74.0 प्रतिशत हो गया।

**सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) से अंतरराष्ट्रीय वित्तीय आस्तियों और देयताओं का अनुपात:**

- सकल घरेलू उत्पाद (वर्तमान बाज़ार मूल्यों पर) के अनुपात के रूप में, 2023-24 के दौरान भारत की आरक्षित आस्तियों और निवासियों की विदेशी वित्तीय आस्तियों के साथ-साथ देयताओं में वृद्धि हुई (तालिका 2)।
- जीडीपी से भारत पर अनिवासियों के निवल दावों का अनुपात मार्च 2024 में (-)10.3 प्रतिशत हो गया, जो एक वर्ष पहले (-)11.3 प्रतिशत और दो वर्ष पहले (-)11.6 प्रतिशत था।

**(पुनीत पंचोली)**
मुख्य महाप्रबंधक

**प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/560**

## Table 1: Overall International Investment Position of India

(US$ billion)

| Period | Mar-23 (PR) | Jun-23 (PR) | Sep-23 (PR) | Dec-23 (PR) | Mar-24 (P) |
|---|---|---|---|---|---|
| **Net IIP (A-B)** | **-367.2** | **-378.9** | **-382.0** | **-368.1** | **-361.7** |
| **A. Assets** | **918.5** | **942.6** | **946.1** | **990.2** | **1,028.3** |
| **1. Direct Investment** | **225.6** | **228.2** | **232.1** | **236.5** | **242.2** |
| 1.1 Equity and investment fund shares | 142.1 | 143.9 | 146.2 | 149.4 | 153.3 |
| 1.2 Debt instruments | 83.5 | 84.3 | 85.9 | 87.1 | 88.9 |
| **2. Portfolio Investment** | **13.1** | **13.5** | **11.0** | **10.6** | **10.3** |
| 2.1 Equity and investment fund shares | 7.4 | 11.5 | 7.9 | 8.4 | 8.5 |
| 2.2 Debt securities | 5.7 | 2.0 | 3.1 | 2.2 | 1.8 |
| **3. Other Investment** | **101.4** | **105.8** | **115.3** | **120.6** | **129.4** |
| 3.1 Trade Credits | 27.5 | 29.7 | 30.9 | 31.7 | 33.5 |
| 3.2 Loans | 9.3 | 13.0 | 8.3 | 14.8 | 13.6 |
| 3.3 Currency and Deposits | 33.0 | 33.1 | 45.8 | 44.5 | 52.8 |
| 3.4 Other Assets | 31.6 | 30.0 | 30.3 | 29.6 | 29.5 |
| **4. Reserve Assets** | **578.4** | **595.1** | **587.7** | **622.5** | **646.4** |
| **B. Liabilities** | **1,285.7** | **1,321.5** | **1,328.1** | **1,358.3** | **1,390.0** |
| **1. Direct Investment** | **523.3** | **532.3** | **528.5** | **536.8** | **542.5** |
| 1.1 Equity and investment fund shares | 493.9 | 501.4 | 497.6 | 505.6 | 511.1 |
| 1.2 Debt instruments | 29.4 | 30.9 | 30.9 | 31.2 | 31.4 |
| **2. Portfolio Investment** | **243.6** | **258.6** | **259.4** | **269.2** | **283.8** |
| 2.1 Equity and investment fund shares | 139.0 | 152.9 | 154.6 | 161.2 | 168.7 |
| 2.2 Debt securities | 104.6 | 105.7 | 104.8 | 108.0 | 115.1 |
| **3. Other Investment** | **518.8** | **530.6** | **540.2** | **552.3** | **563.7** |
| 3.1 Trade Credits | 124.3 | 119.3 | 124.7 | 120.4 | 118.6 |
| 3.2 Loans | 202.3 | 207.1 | 208.9 | 215.0 | 222.0 |
| 3.3 Currency and Deposits | 141.1 | 144.1 | 146.2 | 149.3 | 154.8 |
| 3.4 Other Assets | 51.1 | 60.1 | 60.4 | 67.6 | 68.3 |
| *of which:* Special drawing rights (Net incurrence of liabilities) | 22.3 | 22.0 | 21.8 | 22.2 | 21.9 |
| ***Memo Item: Assets to Liability ratio (%)*** | ***71.4*** | ***71.3*** | ***71.2*** | ***72.9*** | ***74.0*** |

**Notes (applicable for all tables):**

1. P: Provisional; PR: Partially Revised; and R: Revised.
2. The sum of the constituent items may not add to the total due to rounding off.

## Table 2: Ratios of External Financial Assets and Liabilities to GDP

(per cent)

| Period | Mar-22 (R) | Mar-23 (PR) | Mar-24 (PR) |
|---|---|---|---|
| **Net IIP (A-B)** | **-11.6** | **-11.3** | **-10.3** |
| **A. Assets** | **30.0** | **27.9** | **29.0** |
| **1. Direct Investment** | **6.8** | **6.9** | **6.8** |
| 1.1 Equity and investment fund shares | 4.3 | 4.3 | 4.3 |
| 1.2 Debt instruments | 2.5 | 2.6 | 2.5 |
| **2. Portfolio Investment** | **0.6** | **0.4** | **0.3** |
| 2.1 Equity and investment fund shares | 0.3 | 0.2 | 0.2 |
| 2.2 Debt securities | 0.3 | 0.2 | 0.1 |
| **3. Other Investment** | **3.1** | **3.0** | **3.6** |
| 3.1 Trade Credits | 0.6 | 0.8 | 0.9 |
| 3.2 Loans | 0.3 | 0.3 | 0.4 |
| 3.3 Currency and Deposits | 1.5 | 1.0 | 1.5 |
| 3.4 Other Assets | 0.7 | 0.9 | 0.8 |
| **4. Reserve Assets** | **19.5** | **17.6** | **18.3** |
| **B. Liabilities** | **41.6** | **39.2** | **39.3** |
| **1. Direct Investment** | **16.8** | **16.0** | **15.3** |
| 1.1 Equity and investment fund shares | 15.9 | 15.1 | 14.4 |
| 1.2 Debt instruments | 0.9 | 0.9 | 0.9 |
| **2. Portfolio Investment** | **8.6** | **7.4** | **8.0** |
| 2.1 Equity and investment fund shares | 5.0 | 4.2 | 4.8 |
| 2.2 Debt securities | 3.6 | 3.2 | 3.2 |
| **3. Other Investment** | **16.2** | **15.8** | **16.0** |
| 3.1 Trade Credits | 3.8 | 3.8 | 3.4 |
| 3.2 Loans | 6.3 | 6.2 | 6.3 |
| 3.3 Currency and Deposits | 4.6 | 4.3 | 4.4 |
| 3.4 Other Assets | 1.5 | 1.5 | 1.9 |
| *of which:* Special drawing rights (Net incurrence of liabilities) | 0.7 | 0.7 | 0.6 |

## Table 3: Composition of International Financial Assets and Liabilities of India

(per cent)

| Period | Mar-23 (PR) | Jun-23 (PR) | Sep-23 (PR) | Dec-23 (PR) | Mar-24 (P) |
|---|---|---|---|---|---|
| **A. Assets** | | | | | |
| 1. Direct Investment | 24.6 | 24.2 | 24.5 | 23.9 | 23.6 |
| 2. Portfolio Investment | 1.4 | 1.4 | 1.2 | 1.1 | 1.0 |
| 3. Other Investment | 11.0 | 11.3 | 12.2 | 12.1 | 12.5 |
| 4. Reserve Assets | 63.0 | 63.1 | 62.1 | 62.9 | 62.9 |
| **Total** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |
| **B. Liabilities** | | | | | |
| 1. Direct Investment | 40.7 | 40.3 | 39.8 | 39.5 | 39.0 |
| 2. Portfolio Investment | 18.9 | 19.6 | 19.5 | 19.8 | 20.4 |
| 3. Other Investment | 40.4 | 40.1 | 40.7 | 40.7 | 40.6 |
| **Total** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |

## Table 4: Share of External Debt and Non-Debt Liabilities of India

(per cent)

| Period | Mar-23 (PR) | Jun-23 (PR) | Sep-23 (PR) | Dec-23 (PR) | Mar-24 (P) |
|---|---|---|---|---|---|
| Non-Debt Liabilities | 49.2 | 49.5 | 49.1 | 49.1 | 48.9 |
| Debt Liabilities | 50.8 | 50.5 | 50.9 | 50.9 | 51.1 |
| **Total** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |